अभिषेक को ग्रीन ग्लोब फाउंडेशन अवार्ड

- **व्यवसायिक संस्थानों के योगदान के लिए हिंदुस्तान बैंक परिवार को मिला अवार्ड**

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : ग्लोबल वार्मिंग से पर्यावरण पर छाया संकट पूरे विश्व में आज एक ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। जिसमें बेहतरी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यह वक्तव्य नोबेल पुरस्कार विजेता और पर्यावरणविद डॉ. आरके पचौरी ने राजधानी के एक पांच सितारा होटल में आयोजित चौथे पैनासोनिक अवार्ड समारोह में फिल्म अभिनेता अभिषेक बच्चन को सम्मानित करते हुए कही। अभिषेक बच्चन को यह सम्मान डॉ. पचौरी और पैनासोनिक के मार्केटिंग डायरेक्टर सार्थक सेठ ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। अभिषेक को यह सम्मान हरित पर्यावरण के क्षेत्र में सेलिब्रेटी के तौर पर उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए दिया गया। अवार्ड समारोह में कई अन्य क्षेत्रों में पर्यावरण के लिए बेहतर प्रयास करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया।

समारोह में अभिषेक बच्चन ने कहा कि देश के युवा काफी कर्मठ और कुशाग्र बुद्धि वाले हैं। वह उनके ठोस प्रयास और आगे बढ़ने के जज्बे को सलाम करते हैं। उनके संयुक्त प्रयास से ही पर्यावरण पर मंडरा रहे ग्लोबल वार्मिंग के इस संकट से उबरा जा सकता है। सेलिब्रेटी होने के हम जैसे लोगों को आज के दौर में ज्यादा से ज्यादा योगदान देना चाहिए। क्योंकि पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर दिए गए सम्मानों में व्यवसायिक संस्थानों के योगदान के लिए हिंदुस्तान बैंक परिवार को अवार्ड दिया गया। पर्यावरण को बेहतर बनाने में अलग-अलग राज्यों द्वारा दिए जा रहे योगदान के लिए भी पुरस्कार दिए गए। जिसमें मध्यप्रदेश अग्रणी रहा। इस क्षेत्र में गैरसरकारी कंपनियों में से सीआरईटी को अवार्ड के लिए चुना गया। शिक्षा के क्षेत्र में गुड़गांव के सालवान पब्लिक स्कूल को पुरस्कृत किया गया। जबकि पर्यावरण में बेहतरी का यूथ अवार्ड राहुल साहनी को दिया गया। इसके अलावा निर्माण क्षेत्र, मीडिया की सहायता से समाज में पर्यावरण जागरूकता फैलाने, बेहतर डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया। जबकि समारोह में पीटर वाकर को उनके द्वारा जीवनपर्यंत पर्यावरण के लिए किए गए प्रयासों के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री व सांसद लार्ड एल प्रेसकाट, गुयाना के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ग्रो हर्लेम मौजूद थे।

ग्रीन ग्लोबल वार्मिंग फाउंडेशन के चौथे पुरस्कार समारोह में बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन को पुरस्कृत किया। विपिन शर्मा